# उद्योग विभाग बना रहा चैट बॉट एआई एप्लीकेशन

**जयपुर**| राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स समिट के बाद उद्योग विभाग ने सक्रियता बढ़ा दी है। समिट में हुए एमओयू को धरातल पर उतरने को तैयार हैं। बजट के तुरंत बाद होने वाली रीको की बोर्ड मीटिंग में इस पर मुहर लगेगी। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के निर्देश पर रीको ने इनके लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है।

इसके अलावा उद्योग विभाग अपनी कार्यप्रणाली को इन्वेस्टर्स फ्रेंडली बनाने जा रहा है। विभाग के जुड़े सभी तरह के, हर एंगल के सवालों के जवाब एआई के जरिए प्राप्त किए जा सकेंगे।